समाचार वाणी
ख़बर जो करें असर !

नाशिक | Sunday, 20 September 2026

# ये है भारत की AI राइफल 'कटाना': दुश्मन के पलक झपकाते ही कर देती है तबाह, युद्ध की परिभाषा बदलने वाला हथियार।

Publisher

Published on 01 Jul 2025



## देश की पहली स्वदेशी AI आधारित 'कटाना' राइफल भारतीय सेना मे शामिल, अब युद्ध होगा तकनीक से।

**लद्दाख मे तैनात हुआ भारत का डिजिटल सिपाही**

**डिजिटल सिपाही :** भारत के रक्षा क्षेत्र में एक क्रांतिकारी तकनीकी बदलाव की शुरुआत हो चुकी है। अब सीमा पर सिर्फ जवान नहीं, बल्कि **सर्किट और स्टील से बना एक ऐसा सिपाही भी है जो सोच सकता है, देख सकता है और निशाना लगा सकता है**। भारतीय सेना ने **देश की पहली AI बेस्ड स्मार्ट राइफल 'कटाना' (Katana)** को लद्दाख की बर्फीली चोटियों पर तैनात कर दिया है।

यह राइफल न केवल दुश्मन को पहचान सकती है बल्कि **मिलीसेकंड मे निर्णय लेकर हमला भी कर सकती है**। इसे **भारतीय कंपनी Gridbots Technologies** ने पूरी तरह स्वदेशी तकनीक से तैयार किया है।

**हर परिस्थिति मे अंचूक निशाना**

कटाना का सबसे बड़ा फायदा है — इसकी **सटीकता और स्वत : निर्णय लेने की क्षमता**। चाहे अंधेरा हो, कोहरा, धुआं या बर्फबारी — यह हर हालात में दुश्मन की पोजीशन ट्रैक कर सकती है। इसमें लगे **मल्टी-सेसंर, GPU प्रोसेसर और AI एल्गोरिद्म** इसे बनाते हैं एक **डिजिटल योद्धा**।

**अब युद्ध होगा रिमोट से**

कटाना को सैनिक को खुद चलाने की जरूरत नहीं। यह **पूरी तरह रिमोट से ऑपरेट** होती है। इससे सैनिक अब फायरिंग रेंज में खुद को खतरे में नहीं डालते। यह **बॉर्डर सिक्योरिटी, आतंकवाद विरोधी अभियानों और दुर्गम इलाकों की निगरानी** के लिए परफेक्ट है।

**भारत की आत्मनिर्भरता का नया चेहरा**

कटाना केवल एक हथियार नहीं, बल्कि '**मेक इन इंडिया**' **डिफेसं टेक्नोलॉजी** की जीत है। इसमें इस्तेमाल हर एल्गोरिद्म, सॉफ्टवेयर कोड, सर्किट और हार्डवेयर भारत में डिजाइन और डेवलप किया गया है।

यह उस सोच को दर्शाता है कि अब भारत न केवल हथियार खरीदता है, बल्कि **उन्हे डिज़ाइन, डेवेलप और निर्यात करने की क्षमता** भी रखता है।

**कटाना राइफल** भारत की युद्ध नीति में एक **साइलेटं लेकिन गेम-चेजिंग एंट्री** है। यह एक संदेश है कि भारत अब सिर्फ रिएक्ट नहीं करता, बल्कि **प्रेडिक्ट करता है और स्मार्ट तरीके से जीतता है**। यह राइफल भविष्य का प्रतिनिधित्व करती है — जहां **AI, सटीकता और आत्मनिर्भरता ही असली शक्ति** है।

ऐसी ही देश और दुनिया की बड़ी खबरों के लिए फॉलो करें: www.samacharwani.com

---

DISCLAIMER: the views/contents expressed/presented herein, within this advertorial and promotional feature are the sole and exclusive responsibility of individual clients/expert/their authorised representative/Publisher, to which effect, publication house/its representative/affiliates are not responsible/liable whatsover.